रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०८/२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

Test Date	15/12/2025
Test Time	9:00 AM - 10:30 AM
Subject	RRB Level 01 Stage I

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **General Science**

Q.1 एक पिंड पर 5 N का नियत बल लगाने पर उसमें बल की दिशा में 5 m का विस्थापन होता है। इस बल के कारण कितना कार्य किया जाएगा?

Ans
✗ A. 5 J
✗ B. 1/5 J
✓ C. 25 J
✗ D. 1 J

Q.2 कांच के प्रिज्म के माध्यम से श्वेत प्रकाश का विक्षेपण इसलिए होता है क्योंकि ________________।

Ans
✗ A. प्रिज्म के अंदर परावर्तन के कारण श्वेत प्रकाश विभाजित हो जाता है
✗ B. काँच में विभिन्न रंग समान गति से चलते हैं
✓ C. काँच में विभिन्न रंग भिन्न गति से चलते हैं
✗ D. प्रिज्म कुछ रंगों को अवशोषित करता है और कुछ को संचारित करता है

Q.3 दूरी-समय ग्राफ़ एक सीधी रेखा न होकर एक वक्र है। यह क्या दर्शाता है?

Ans
✗ A. पिंड विरामावस्था में है।
✗ B. पिंड एकसमान त्वरण से गतिमान है।
✓ C. पिंड असमान गति से गतिमान है।
✗ D. पिंड एकसमान गति से गतिमान है।

Q.4 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, तंत्रिका ऊतक के संबंध में सही नहीं है?

Ans
✓ A. तंत्रिका कोशिकाएं लंबाई में बहुत छोटी होती हैं।
✗ B. मस्तिष्क और मेरू रज्जु के उदाहरण हैं।
✗ C. कोशिकाओं को तंत्रिका कोशिका या न्यूरॉन कहा जाता है।
✗ D. तंत्रिकाकोशिका (न्यूरॉन), अक्षतंतु और वृक्षिका से निर्मित होता है।

Q.5 चंद्रमा पृथ्वी के चारों ओर सीधी रेखा के बजाय वक्रित पथ पर घूमती है क्योंकि ....।

Ans
✓ A. पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण बल अभिकेन्द्रीय बल प्रदान करता है
✗ B. चंद्रमा का द्रव्यमान बहुत बड़ा है
✗ C. चंद्रमा में कोई जड़त्व नहीं है
✗ D. सूर्य का प्रकाश चंद्रमा को धकेलता है

Q.6 **किसी परमाणु की द्रव्यमान संख्या की गणना कैसे की जाती है?**

Ans
- ✗ A. परमाणु में कुल प्रोटॉनों और इलेक्ट्रॉनों को जोड़कर
- ✓ B. परमाणु के नाभिक में प्रोटॉनों और न्यूट्रॉनों को जोड़कर
- ✗ C. परमाणु में कुल इलेक्ट्रॉनों और न्यूक्लिऑनों को जोड़कर
- ✗ D. आकलन के रूप में परमाणु संख्या को 3 से गुणा करके

Q.7 **निम्नलिखित का मिलान करें: धातु कार्बोनेट की अम्लों के साथ अभिक्रिया के उत्पाद**

कॉलम A (अभिकारक)	कॉलम B (उत्पाद)
A. सोडियम कार्बोनेट + HCl	1. $CaCO_3$ का सफेद अवक्षेप बनाता है
B. कैल्शियम कार्बोनेट + H_2SO_4	2. कैल्शियम सल्फेट + CO_2 + H_2O
C. धातु कार्बोनेट + अम्ल	3. नमक + कार्बन डाइऑक्साइड + जल
D. CO_2 को चूने के जल से गुजारा गया	4. सोडियम क्लोराइड + CO_2 + H_2O

Ans
- ✗ A. A-2; B-1; C-4; D-3
- ✗ B. A-3; B-4; C-1; D-2
- ✓ C. A-4; B-2; C-3; D-1
- ✗ D. A-4; B-3; C-2; D-1

Q.8 **गैसों के मापन में प्रयुक्त दाब की SI इकाई क्या है?**

Ans
- ✗ A. जूल
- ✗ B. केल्विन
- ✓ C. पास्कल
- ✗ D. न्यूटन

Q.9 **दिए गए कथनों में से कौन-सा सही है?**

कथन 1: अवतल दर्पणों का उपयोग सौर भट्टियों में सूर्य के प्रकाश को एक बिंदु पर केंद्रित करके तापन हेतु किया जाता है।
कथन 2: उत्तल दर्पण कभी भी वास्तविक प्रतिबिंब नहीं बना सकते हैं।

Ans
- ✗ A. कथन 1 और 2 दोनों गलत हैं।
- ✗ B. केवल कथन 2 सही है।
- ✓ C. कथन 1 और 2 दोनों सही हैं।
- ✗ D. केवल कथन 1 सही है।

Q.10 **प्लास्टर ऑफ पेरिस का सूत्र क्या है?**

Ans
- ✗ A. $CuSO_4.1/2H_2O$
- ✓ B. $CaSO_4.1/2H_2O$
- ✗ C. $CaSO_4.2H_2O$
- ✗ D. $CuSO_4.5H_2O$

Q.11 **किसी दिए गए पदार्थ के लिए, प्रति इकाई लंबाई का प्रतिरोध निम्नलिखित में से किसके व्युत्क्रमानुपाती होता है?**

Ans
- ✗ A. प्रतिरोधकता
- ✓ B. अनुप्रस्थ-परिच्छेदीय क्षेत्रफल
- ✗ C. तापमान
- ✗ D. चालकता

Q.12 अम्ल-क्षारक अभिक्रिया किस प्रकार की अभिक्रिया है?

Ans
- ✗ A. वियोजन अभिक्रिया
- ✗ B. रेडॉक्स अभिक्रिया
- ✗ C. ऊष्माशोषी अभिक्रिया
- ✓ D. ऊष्माक्षेपी अभिक्रिया

Q.13 निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म 'स्वयं किसी तत्व के अणु' का उदाहरण है?

Ans
- ✗ A. अमोनिया और ऑक्सीजन गैस
- ✗ B. हाइड्रोजन गैस और पानी
- ✗ C. अमोनिया और सल्फर डाइऑक्साइड
- ✓ D. हाइड्रोजन गैस और ऑक्सीजन गैस

Q.14 लार्वा का उग्र-परिवर्तनों द्वारा वयस्क मेंढक में बदलने की प्रक्रिया क्या कहलाती है?

Ans
- ✗ A. युग्मक का बनना
- ✓ B. कायांतरण
- ✗ C. निषेचन
- ✗ D. युग्मनज का बनना

Q.15 यौन क्रिया में प्रगाढ़ शारीरिक संबंध स्थापित होते है और ऐसे अनेक रोग हैं जिनका लैंगिक संचरण हो सकता है। निम्नलिखित में से कौन-सा रोग, जीवाणु (bacteria) के कारण होता है?

Ans
- ✓ A. गोनोरिया और सिफलिस दोनों
- ✗ B. मस्सा (Warts)
- ✗ C. केवल गोनोरिया (Gonorrhoea)
- ✗ D. केवल सिफलिस (Syphilis)

Q.16 कौन-सा ऊतक तीव्र विद्युत आवेगों को संचारित करने में विशेषीकृत है जो पेशियों के संचलन को सक्षम बनाता है?

Ans
- ✗ A. संयोजी ऊतक
- ✗ B. उपकला ऊतक
- ✗ C. वसा ऊतक
- ✓ D. तंत्रिका ऊतक

Q.17 जब कोई वस्तु किसी सरल पथ के अनुदिश गति करती है लेकिन उसकी चाल परिवर्तित होती रहती है, तो हम उसकी गति की दर का वर्णन कैसे कर सकते हैं?

Ans
- ✓ A. कुल समय में औसत वेग का उपयोग करके
- ✗ B. इसके एकसमान वेग को मापकर
- ✗ C. औसत वेग पर कुल समय का उपयोग करके
- ✗ D. यह जाँच कर कि यह प्रति सेकंड कितनी दूरी तय करती है

Q.18 इकोकार्डियोग्राफी (echocardiography) में अल्ट्रासाउंड का प्राथमिक उपयोग निम्नलिखित में से कौन-सा है?

Ans
- ✗ A. रक्त शर्करा के स्तर को मापना
- ✗ B. धमनियों के अवरोधों को साफ़ करना या हटाना
- ✓ C. हृदय की संरचना और कार्य की जाँच करना
- ✗ D. शरीर के वजन का निर्धारण करना

Q.19 मिश्रित सस्यन (mixed cropping) क्या है?

Ans

✗ A. खेत में ऋतुओं के अनुसार फसलों का चक्रण

✗ B. बारी-बारी से एक ऋतु में फसल उगाना और अगली ऋतु में खेत खाली छोड़ देना

✗ C. सभी ऋतुओं में एक खेत में एक ही फसल उगाना

✓ D. समान ऋतु में एक खेत में कई फसलें उगाना

Q.20 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन पर-परागण को सही ढंग से परिभाषित करता है?

Ans

✗ A. पराग स्थानांतरण के बिना बीजांड का निषेचन

✓ B. एक पुष्प के परागकोष से दूसरे पुष्प के वर्तिकाग्र तक पराग का स्थानांतरण

✗ C. एक पौधे से दूसरे गैर-पुष्पी पौधे में पराग का स्थानांतरण

✗ D. एक ही पुष्प के भीतर पराग का स्थानांतरण

Q.21 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, जाइलम नामक संवहनी ऊतक के घटकों को सही ढंग से सूचीबद्ध करता है?

Ans

✗ A. वाहिनिकाएं, वाहिकाएं, चालनी नलिकाएं, जाइलम मृदूतक

✗ B. सहचर कोशिकाएं, चालनी कोशिकाएं, वाहिकाएं, वाहिनिकाएं

✗ C. चालनी नलिकाएं, सहचर कोशिकाएं, फ्लोएम तंतु, फ्लोएम मृदूतक

✓ D. वाहिनिकाएं, वाहिकाएं, जाइलम मृदूतक, जाइलम तंतु

Q.22 निम्नलिखित में से कौन-सा एक मानव निर्मित पदार्थ है और जो बैक्टीरिया की क्रिया द्वारा विघटित नहीं होगा?

Ans

✗ A. मक्खन

✗ B. चावल

✗ C. रोटी

✓ D. प्लास्टिक

Q.23 धातुकर्म में 'अयस्कों के संवर्धन' प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य क्या है?

Ans

✓ A. अयस्क से अवांछित अशुद्धियां (गैंग) हटाना।

✗ B. धातु अयस्क को उसके गलित रूप में रूपांतरित करना।

✗ C. धातु को अन्य तत्वों के साथ मिलाकर मिश्रधातुएं बनाना।

✗ D. निकाली गई धातु को परिष्कृत करके उसकी शुद्धता बढ़ाना।

Q.24 विद्युत परिपथ में फ्यूज तार ________ के सिद्धांत पर काम करता है।

Ans

✗ A. धारा के चुंबकीय प्रभाव

✗ B. धारा के प्रेरण प्रभाव

✗ C. धारा के रासायनिक प्रभाव

✓ D. धारा के तापीय प्रभाव

Q.25 धातु K, Ca, Al को बढ़ती हुई अभिक्रियाशीलता के क्रम में व्यवस्थित कीजिए।

Ans

✗ A. Ca < K < Al

✓ B. Al < Ca < K

✗ C. K < Al < Ca

✗ D. K < Ca < Al

Section : **Mathematics**

Q.26 $40 \times \left(\frac{0.74 + 1.48}{2\frac{4}{5} + 7\frac{1}{15}}\right)$ का मान कितना है?

Ans
- ✔ A. 9
- ✘ B. 9.5
- ✘ C. 8.4
- ✘ D. 8.7

Q.27 दानिश, रोशन से 9 वर्ष छोटा है। यदि उनकी आयु का अनुपात 4 : 5 है, तो दानिश की आयु कितनी है?

Ans
- ✔ A. 36 वर्ष
- ✘ B. 35 वर्ष
- ✘ C. 34 वर्ष
- ✘ D. 33 वर्ष

Q.28 हरजीत ने एक पुराना स्कूटर ₹18,000 में खरीदा और उसकी मरम्मत के लिए ₹8,000 खर्च किए। 10 प्रतिशत का लाभ पाने के लिए उसे किस कीमत पर स्कूटर बेचना चाहिए?

Ans
- ✘ A. ₹25,600
- ✘ B. ₹27,600
- ✔ C. ₹28,600
- ✘ D. ₹24,600

Q.29 यदि एक समबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल $16\sqrt{3}$ cm^2 है, तो उसका परिमाप ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 16 cm
- ✘ B. 12 cm
- ✘ C. 32 cm
- ✔ D. 24 cm

Q.30 ₹4,300 की राशि पर 10% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर से 2 वर्षों में प्राप्त मिश्रधन ज्ञात कीजिए, जबकि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है।

Ans
- ✘ A. ₹5,048
- ✔ B. ₹5,203
- ✘ C. ₹5,701
- ✘ D. ₹4,294

Q.31 आँकड़ों के एक समुच्चय की माध्यिका उसके बहुलक की 3 गुनी है। यदि माध्यिका 9 दी गई है, तो माध्य और बहुलक के गुणनफल का वर्ग ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 1432
- ✘ B. 1128
- ✔ C. 1296
- ✘ D. 1345

Q.32 दो नल एक साथ मिलकर एक टंकी को 24 घंटे में भर देते हैं। दूसरा नल, टंकी को पहले नल की तुलना में 14 घंटे देरी से भरता है। दूसरे नल को अकेले टंकी भरने में कितने घंटे लगेंगे?

Ans
- ✘ A. 28
- ✘ B. 42
- ✘ C. 70
- ✔ D. 56

Q.33 सबसे छोटी संख्या M में से 6 घटाने पर यह 9, 12 और 26 से विभाज्य हो जाती है। M के अंकों का योगफल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. 15
- ✗ B. 8
- ✗ C. 7
- ✗ D. 6

Q.34 अमित और दीक्षा ने मिलकर एक व्यवसाय में ₹17,400 का निवेश किया। वर्ष के अंत में, ₹6,000 के कुल लाभ में से अमित का हिस्सा ₹2,800 था। अमित का निवेश कितना था?

Ans
- ✗ A. ₹7,325
- ✔ B. ₹8,120
- ✗ C. ₹7,910
- ✗ D. ₹8,010

Q.35 निम्नलिखित को सरल कीजिए।

$$5^{15} \div 25^{\frac{13}{2}} \div 125^{\frac{2}{3}} + 5^{17} \div 125^{\frac{16}{3}} + 5^{3}$$

Ans
- ✗ A. 125
- ✗ B. 126
- ✗ C. 130
- ✔ D. 131

Q.36 822 m लंबी एक रेलगाड़ी 67 m/s की चाल से चल रही है। यदि इसे एक सुरंग को पार करने में 133 सेकंड लगते हैं, तो सुरंग की लंबाई ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. 8089 m
- ✗ B. 8085 m
- ✗ C. 8097 m
- ✗ D. 8086 m

Q.37 यदि एक ऊर्ध्वाधर खंभे की ऊंचाई भूमि पर उसकी छाया की लंबाई का $\sqrt{3}$ गुना है, तो उस समय सूर्य का उन्नयन कोण ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 45°
- ✗ B. 30°
- ✔ C. 60°
- ✗ D. 70°

Q.38 A और B मिलकर एक काम को 3 दिन में पूरा कर सकते हैं। B अकेले उसी काम को 9 दिन में पूरा कर सकता है। A अकेले उस काम का दोगुना काम कितने समय (दिनों में) में पूरा करेगा?

Ans
- ✗ A. 4.5
- ✗ B. 10
- ✔ C. 9
- ✗ D. 12

Q.39 यदि किसी संख्या के 20 प्रतिशत को 84 में जोड़ा जाता है, तो परिणाम वही संख्या प्राप्त होती है। उसी संख्या का 70 प्रतिशत __________ है।

Ans
- ✗ A. 103.5
- ✗ B. 83.5
- ✗ C. 93.5
- ✔ D. 73.5

Q.40 एक वस्तु के अंकित मूल्य पर 50% की छूट देने के बाद, इसे ₹61,649 में बेचा गया। इसका अंकित मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 1,23,280
- ✗ B. 1,23,308
- ✗ C. 1,23,380
- ✓ D. 1,23,298

Q.41 एक आयत का क्षेत्रफल 9 m^2कम हो जाता है जब उसकी लंबाई 5 m कम कर दी जाती है और चौड़ाई 3 m बढ़ा दी जाती है। हालाँकि, यदि लंबाई 3 m और चौड़ाई 2 m बढ़ा दी जाए, तो क्षेत्रफल 67 cm^2 बढ़ जाता है। आयत का मूल क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 156 m2
- ✓ B. 153 m2
- ✗ C. 151 m2
- ✗ D. 152 m2

Q.42 $(3x+5y)^3+(3x-5y)^3$ का सरलीकृत मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. $10y(9x^2-75y^2)$
- ✓ B. $6x(9x^2+75y^2)$
- ✗ C. $10y(9x^2+75y^2)$
- ✗ D. $6x(9x^2-75y^2)$

Q.43 चतुर्भुज PQRS में, ∠R और ∠S के समद्विभाजक बिंदु T (चतुर्भुज के भीतर) पर मिलते हैं और ∠STR = 10.5° है। यदि ∠P और ∠Q का अनुपात 3 : 4 है, तो ∠Q और ∠P की मापों में कितना अंतर है?

Ans
- ✗ A. 1°
- ✗ B. 5°
- ✗ C. 7°
- ✓ D. 3°

Q.44 एक वॉशिंग मशीन की कीमत एक TV की कीमत से 75% कम है। यदि वॉशिंग मशीन की कीमत 80% बढ़ जाती है और TV की कीमत 14% कम हो जाती है, तो 8 वॉशिंग मशीनों और 2 TV की कुल कीमत में कितना प्रतिशत परिवर्तन होगा?

Ans
- ✗ A. 29% की वृद्धि
- ✓ B. 33% की वृद्धि
- ✗ C. 32% की कमी
- ✗ D. 30% की कमी

Q.45 किसी पार्किंग लॉट में कुल 28 कारें और मोटरसाइकिलें हैं। यदि कुल 92 पहिए हैं, तो कुल कितनी कारें हैं?

Ans
- ✓ A. 18
- ✗ B. 20
- ✗ C. 16
- ✗ D. 22

Q.46 एक कक्षा के 31 विद्यार्थियों की औसत आयु 21 वर्ष है। यदि शिक्षक की आयु भी शामिल कर ली जाए, तो पूरे समूह की औसत आयु 22 वर्ष हो जाती है। शिक्षक की आयु (वर्षों में) कितनी है?

Ans
- ✗ A. 55
- ✗ B. 50
- ✓ C. 53
- ✗ D. 52

Q.47 440 m और 310 m लंबी दो ट्रेनें क्रमशः 60 km/hr और 90 km/hr की चाल से एक ही दिशा में चल रही हैं। पीछे से आ रही तेज चलने वाली ट्रेन द्वारा दूसरी ट्रेन को पूरी तरह से पार करने में लगा समय (मिनट में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 10.1
- ✗ B. 7.2
- ✓ C. 1.5
- ✗ D. 6

Q.48 $\frac{1}{20}, \frac{11}{70}$ का कितना प्रतिशत है? (उत्तर को दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित करें।)

Ans
- ✗ A. 41.82%
- ✗ B. 46.82%
- ✓ C. 31.82%
- ✗ D. 63.64%

Q.49 दिए गए अनुपात में 'A' के स्थान पर क्या आएगा?

$$\frac{112}{A} = \frac{8}{67}$$

Ans
- ✗ A. 940
- ✗ B. 939
- ✗ C. 936
- ✓ D. 938

Q.50 एक व्यापारी अपने माल का अंकित मूल्य क्रय मूल्य से 57% अधिक रखता है और अंकित मूल्य पर 22% की छूट देता है। उसका लाभ प्रतिशत (दो दशमलव स्थानों तक सही) कितना है?

Ans
- ✓ A. 22.46%
- ✗ B. 19.94%
- ✗ C. 25.98%
- ✗ D. 20.14%

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.51 यह प्रश्न नीचे दी गई पांच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 937, 228, 782, 175, 631 (दाएं)
(उदाहरण- 697 - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
नोट - सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की ओर की जानी हैं।

यदि सबसे बड़ी संख्या के तीसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक में जोड़ा जाए, तो परिणाम क्या होगा?

Ans
- ✗ A. 15
- ✗ B. 10
- ✓ C. 14
- ✗ D. 12

Q.52 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. LRQ
- ✓ B. ELK
- ✗ C. MSR
- ✗ D. PVU

Q.53 51 व्यक्ति उत्तर दिशा की ओर अभिमुख एक पंक्ति में खड़े हैं। रोहित बाएं छोर से 19वें स्थान पर है जबकि अनुपम दाएं छोर से 12वें स्थान पर है। रोहित और अनुपम के बीच कितने व्यक्ति हैं?

Ans

✗ A. 19

✗ B. 18

✗ C. 17

✓ D. 20

Q.54 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस समूह से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans

✗ A. SVR

✗ B. DGC

✗ C. WZV

✓ D. XBW

Q.55 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

123 133 142 150 157 ?

Ans

✓ A. 163

✗ B. 164

✗ C. 165

✗ D. 161

Q.56 निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 7 2 8 6 7 3 8 5 9 6 2 4 5 2 8 7 8 6 3 6 4 9 5 1 2 4 3 (दाएं)

ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम अंक तथा ठीक बाद में भी एक विषम अंक है?

Ans

✗ A. तीन से अधिक

✗ B. दो

✓ C. एक

✗ D. तीन

Q.57 उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।
(नोटः संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए – 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(5, 31, 6)
(3, 16, 5)

Ans

✓ A. (6 , 13 , 2)

✗ B. (4, 7, 2)

✗ C. (1, 6, 4)

✗ D. (3, 2, 7)

Q.58	यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ 'x' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा? 16 C 24 A 6 B 28 D 32 = ?	
Ans	✔ A. 96 ✘ B. 87 ✘ C. 58 ✘ D. 98	

Q.59	निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा? CWF59, FUK62, ISP65, ?	
Ans	✘ A. LRT68 ✔ B. LQU68 ✘ C. MQU69 ✘ D. MRT69	

Q.60	निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए, जो समान तर्क का अनुसरण करता हो। CAKE - ACKE - EKAC KING - IKNG - GNIK	
Ans	✘ A. MUTE - UMTE - EUTM ✘ B. KEYS - KYES - SYEK ✔ C. POST - OPST - TSOP ✘ D. ROAD - ORAD - OADR	

Q.61	एक निश्चित तरीके से HP 16 का संबंध JT 19 से है। उसी प्रकार, CK 22 का संबंध EO 25 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, MU 27 का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?	
Ans	✘ A. OV 30 ✘ B. QZ 29 ✘ C. QV 29 ✔ D. OY 30	

Q.62	निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। (बाएं) 4 1 7 9 2 2 7 9 9 9 4 7 7 8 9 1 8 6 2 1 2 2 8 (दाएं) ऐसे कितने सम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक और ठीक बाद एक विषम अंक है?	
Ans	✘ A. एक ✔ B. दो ✘ C. एक भी नहीं ✘ D. तीन	

Q.63	यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा? 168 × 7 – 66 + 5 ÷ 9 = ?	
Ans	✘ A. 49 ✔ B. 45 ✘ C. 47 ✘ D. 42	

Q.64 A, B, C, D, E और F एक गोल मेज के परित:, केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। A के बाईं ओर दूसरे स्थान पर E बैठा है। C का निकटतम पड़ोसी D है। B के ठीक दाईं ओर पड़ोस में C बैठा है। B के बाईं ओर दूसरे स्थान पर F बैठा है। D के सापेक्ष E का स्थान क्या है?

Ans
- ✗ A. बाईं ओर दूसरा
- ✓ B. ठीक दाईं ओर पड़ोस में
- ✗ C. दाईं ओर दूसरा
- ✗ D. बाईं ओर तीसरा

Q.65 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कुछ झोपड़ी, डेन हैं।
कोई डेन, गुफा नहीं है।

निष्कर्ष:
(I): कुछ झोपड़ी, गुफा हैं।
(II): कुछ डेन, झोपड़ी हैं।

Ans
- ✗ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
- ✗ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
- ✓ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
- ✗ D. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं

Q.66 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'he eat lunch' को 'rk yf gl' के रूप में कूटबद्ध किया गया है तथा 'eat proper food' को 'av gl tn' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई भाषा में 'eat' को किस प्रकार कूटबद्ध किया गया है?

Ans
- ✗ A. rk
- ✗ B. yf
- ✗ C. tn
- ✓ D. gl

Q.67 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
कोई विद्यार्थी, शिक्षक नहीं है।
कोई विद्यार्थी, बढ़ई नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कुछ शिक्षक, बढ़ई हैं।
(II) कुछ विद्यार्थी, शिक्षक हैं।

Ans
- ✗ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
- ✗ B. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
- ✓ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
- ✗ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

Q.68 दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

6 17 29 42 56 71 ?

Ans
- ✓ A. 87
- ✗ B. 88
- ✗ C. 86
- ✗ D. 90

Q.69 MY 24 का संबंध एक निश्चित तरीके से HT 27 से है। उसी प्रकार, BL 21 का संबंध WG 24 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, KT 36 का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

Ans
- ✗ A. FO 33
- ✓ B. FO 39
- ✗ C. GP 39
- ✗ D. GO 39

Q.70 पाँच व्यक्ति A, B, C, D और E एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। A और D के बीच केवल 2 व्यक्ति बैठे हैं। B पंक्ति के बाएं छोर से तीसरे स्थान पर बैठा है। B, A के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। B, E के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। E और A के बीच में कुल कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. एक भी नहीं
- ✗ B. तीन
- ✗ C. दो
- ✓ D. एक

Q.71 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

7 8 12 21 37 '?'

Ans
- ✓ A. 62
- ✗ B. 50
- ✗ C. 56
- ✗ D. 63

Q.72 यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

48 ÷ 16 + 366 × 6 − 53 = ?

Ans
- ✗ A. 780
- ✓ B. 760
- ✗ C. 770
- ✗ D. 790

Q.73 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

CKR 78, HHM 69, MEH 60, RBC 51, ?

Ans
- ✓ A. WYX 42
- ✗ B. XZY 41
- ✗ C. VXY 42
- ✗ D. VYZ 41

Q.74 ऋषिका बिंदु A से शुरू होकर उत्तर दिशा में 49 km चलती है। फिर वह बाएं मुड़ती है, 51 km चलती है, फिर बाएं मुड़ती है और 54 km चलती है। फिर वह बाएं मुड़ती है और 64 km चलती है। वह अंत में बाएं मुड़ती है, 5 km चलती है और बिंदु P पर रुकती है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में चलना चाहिए?

(नोट: सभी मोड़ केवल 90° के हैं, जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो।)

Ans
- ✗ A. पश्चिम में 10 km
- ✓ B. पश्चिम में 13 km
- ✗ C. पश्चिम में 12 km
- ✗ D. पूर्व में 11 km

Q.75 एक निश्चित कूट भाषा में, 'give me bike' को 'bn gt ry' और 'who know me' को 'ry fh vt' लिखा जाता है। उस भाषा में 'me' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

Ans
- ✗ A. bn
- ✗ B. fh
- ✗ C. vt
- ✓ D. ry

Q.76 एक निश्चित कूट भाषा में,
P + Q का अर्थ है कि 'P, Q का पिता है',
P & Q का अर्थ है कि 'P, Q की पत्नी है',
P @ Q का अर्थ है कि 'P, Q की बहन है' और
P # Q का अर्थ है कि 'P, Q की पत्नी है'.
उपरोक्त के आधार पर, यदि 'Y @ G & E + V @ Z' है, तो Y का Z से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. भाई की पत्नी
- ✗ B. माता की माता
- ✓ C. माता की बहन
- ✗ D. पिता की माता

Q.77 सात व्यक्ति, A, B, C, D, E, F और G, एक पंक्ति में, उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। F के दाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। F और A के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। E और C दोनों G के निकटतम पड़ोसी हैं। B के ठीक बाईं ओर पड़ोस में D बैठा है। A का निकटतम पड़ोसी C नहीं है। D और E के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. 1
- ✓ B. 3
- ✗ C. 2
- ✗ D. 4

Q.78 सात बॉक्स M, N, O, P, Q, R और S एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। N के नीचे केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। N और P के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। O के ऊपर केवल Q को रखा गया है। S को R के नीचे किसी स्थान पर और M के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। सबसे नीचे से दूसरे स्थान पर किस बॉक्स को रखा गया है?

Ans
- ✗ A. S
- ✓ B. M
- ✗ C. O
- ✗ D. P

Q.79 अक्षय बिंदु A से गाड़ी चलाना शुरू करता है और पूर्व की ओर 21 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 11 km गाड़ी चलाता है, फिर बाएं मुड़ता है और 25 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 16 km गाड़ी चलाता है। वह अंत में बाएं मुड़ता है, 4 km गाड़ी चलाता है, और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के हैं, जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो।)

Ans
- ✓ A. उत्तर की ओर 5 km
- ✗ B. पश्चिम की ओर 21 km
- ✗ C. दक्षिण की ओर 11 km
- ✗ D. पूर्व की ओर 5 km

Q.80 नीचे दी गई संख्या श्रृंखला को देखिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(नोट: सभी संख्याएँ केवल एकल अंकीय संख्याएँ हैं।)

(बाएं) 2 3 6 7 3 1 4 2 3 1 3 1 4 8 8 1 7 4 8 8 9 2 7 2 8 1 3 (दाएं)

ऐसी कितनी विषम संख्याएँ हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है तथा ठीक बाद भी एक विषम संख्या है?

Ans
- ✗ A. 2
- ✗ B. 4
- ✗ C. 5
- ✓ D. 3

Section : General Awareness and Current Affairs

Q.81 केंद्रीय बजट 2025-26 में, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को कितनी राशि आवंटित की गई?

Ans
- ✓ A. ₹99,858.56 करोड़
- ✗ B. ₹79,200 करोड़
- ✗ C. ₹85,300 करोड़
- ✗ D. ₹1,25,000 करोड़

Q.82 जून 2025 में केंद्रीय विद्युत एवं शहरी कार्य मंत्री द्वारा घोषित, भारत में नए एयर-कंडीशनरों के लिए न्यूनतम तापमान सेटिंग क्या है?

Ans
- ✗ A. 28°C
- ✗ B. 24°C
- ✓ C. 20°C
- ✗ D. 16°C

Q.83 किस राज्य ने 21 जून 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय योग दिवस समारोह की मेजबानी की?

Ans
- ✗ A. गुजरात
- ✓ B. आंध्र प्रदेश
- ✗ C. हरियाणा
- ✗ D. बिहार

Q.84 निम्नलिखित में से किस मिशन ने भारत के स्पेसपोर्ट श्रीहरिकोटा से ISRO के 100वें प्रक्षेपण को चिह्नित किया, जिससे अंतरिक्ष प्रक्षेपण क्षमता में भारत की स्थिति में वृद्धि हुई?

Ans
- ✗ A. चंद्रयान-3 का प्रक्षेपण
- ✗ B. आदित्य-L1 सोलर आब्जर्वेटरी का प्रक्षेपण
- ✗ C. INSAT-3DS मौसम उपग्रह का प्रक्षेपण
- ✓ D. GSLV-F15 पर NVS-02 नेविगेशन उपग्रह का प्रक्षेपण

Q.85 मार्च 2025 में प्रकाशित होने वाली पुस्तक 'मार्च ऑफ ग्लोरी (March of Glory)' के सह-लेखक निम्नलिखित में से कौन हैं?

Ans
- ✗ A. गिडियॉन हेग और माइकल एथर्टन (Gideon Haigh and Michael Atherton)
- ✗ B. साइमन बार्न्स और के. अरुमुगम (Simon Barnes and K Arumugam)
- ✓ C. के. अरुमुगम और एर्रोल डी'क्रूज (K Arumugam and Errol D'Cruz)
- ✗ D. एर्रोल डी'क्रूज और बोरिया मजूमदार (Errol D'Cruz and Boria Majumdar)

Q.86 सूर्या VHF रडार विकसित करने वाली कंपनी कहां स्थित है?

Ans
- ✗ A. चेन्नई
- ✓ B. बेंगलुरु
- ✗ C. पुणे
- ✗ D. हैदराबाद

Q.87 किस भारतीय राज्य ने सामूहिक विवाह कार्यक्रमों के माध्यम से विवाह करने वाले अल्पसंख्यक जोड़ों के लिए जुलाई 2025 में ₹50,000 की प्रोत्साहन योजना शुरू की?

Ans
- ✗ A. महाराष्ट्र
- ✓ B. कर्नाटक
- ✗ C. केरल
- ✗ D. तमिल नाडु

Q.88 सुप्रीम कोर्ट ने अप्रैल 2025 में हैदराबाद के कांचा गाचीबोवली (Kancha Gachibowli) में कितने एकड़ भूमि में वृक्ष काटने पर रोक बढ़ा दी है?

Ans
- ✗ A. 200 एकड़
- ✗ B. 100 एकड़
- ✓ C. 400 एकड़
- ✗ D. 600 एकड़

Q.89 INS तमाल, अ स्टेट-ऑफ-द-आर्ट स्टील्थ मल्टी-रोल फ्रिगेट, जिसे 1 जुलाई 2025 को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया, _________ में निर्मित किया गया था।

Ans
- ✗ A. स्पेन
- ✓ B. रूस
- ✗ C. जापान
- ✗ D. दक्षिण अफ्रीका

Q.90 मई 2025 में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विनियमित संस्थाओं (RE) के लिए उनके डिजिटल लेंडिंग ऐप्स (DLA) के विवरण की रिपोर्ट करने हेतु लॉन्च किए गए पोर्टल का नाम क्या है?

Ans
- ✗ A. विनियमित संस्थाएं सूचना प्रबंधन प्रणाली (REIMS)
- ✗ B. केंद्रीकृत उद्यम प्रबंधन प्रणाली (CEMS)
- ✗ C. डिजिटल लेंडिंग ऐप्स प्रबंधन प्रणाली (DLAMS)
- ✓ D. केंद्रीकृत सूचना प्रबंधन प्रणाली (CIMS)

Q.91 2025 में पिथौरागढ़ के श्री हरि सिंह थापा स्पोर्ट्स कॉलेज में किस खेल गतिविधि का आयोजन हुआ?

Ans
- ✗ A. फेंसिंग (Fencing)
- ✗ B. कुश्ती (Wrestling)
- ✓ C. बॉक्सिंग (Boxing)
- ✗ D. जूडो (Judo)

Q.92 2025 एशिया पैरा बैडमिंटन चैम्पियनशिप में महिला एकल SU5 में किसने स्वर्ण पदक हासिल किया?

Ans
- ✗ A. पलक कोहली (Palak Kohali)
- ✗ B. थुलासिमथी मुरुगेसन (Thulasimathi Murugesan)
- ✓ C. मनीषा रामदास (Manisha Ramadass)
- ✗ D. मंदीप कौर (Mandeep Kaur)

Q.93 केंद्रीय बजट 2025-26 में अनुमानित कुल केंद्र सरकार की प्राप्तियां (उधारी को छोड़कर) कितनी थीं?

Ans
- ✓ A. ₹34.96 लाख करोड़
- ✗ B. ₹38 लाख करोड़
- ✗ C. ₹40.26 लाख करोड़
- ✗ D. ₹30 लाख करोड़

Q.94 2025 विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स कहां आयोजित किया गया था?

Ans
- ✗ A. बेंगलुरु
- ✗ B. मुंबई
- ✗ C. कोलकाता
- ✓ D. नई दिल्ली

Q.95 भारतीय मुक्केबाज निशांत देव ने जून 2025 में मैडिसन स्क्वायर गार्डन थिएटर, न्यूयॉर्क में सुपर वेल्टरवेट मुकाबले में किस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अपनी दूसरी पेशेवर जीत हासिल की?

Ans
- ✗ A. मिगुएल फ्लोरेस (Miguel Flores)
- ✗ B. एडुआर्डो रामिरेज (Eduardo Ramirez)
- ✗ C. विक्टर ऑर्टिज (Victor Ortiz)
- ✓ D. जोस्यु सिल्वा (Josue Silva)

Q.96 24 जून 2025 को उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में भारत सरकार द्वारा शुरू की गई पायलट पहल का नाम क्या है, जो किशोरियों के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण पर केंद्रित है?

Ans
- ✗ A. अमृता (AMRUTA)
- ✗ B. मित्रा (MITRA)
- ✓ C. नव्या (NAVYA)
- ✗ D. धरनि (DHARANI)

Q.97 मई 2025 में, किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश ने जलवायु से संबंधित स्टेज। ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान लागू किया?

Ans
- ✓ A. दिल्ली-NCR
- ✗ B. केरल
- ✗ C. गोवा
- ✗ D. पश्चिम बंगाल

Q.98 डॉ. दुव्वुर नागेश्वर रेड्डी को किस क्षेत्र में उनके योगदान के लिए 2025 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया?

Ans
- ✓ A. चिकित्सा
- ✗ B. सार्वजनिक मामले
- ✗ C. व्यापार और उद्योग
- ✗ D. कला

Q.99 चीन ने 1 अक्टूबर 2025 से प्रभावी एक नए K वीज़ा के शुभारंभ की घोषणा की, जो ....श्रेणी के पेशेवरों को आकर्षित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

Ans
- ✗ A. सांस्कृतिक कलाकार
- ✗ B. चिकित्सा शोधकर्ता
- ✗ C. पर्यटन निवेशक
- ✓ D. STEM स्नातक

Q.100 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (BJP) ने कितनी सीटें जीतीं?

Ans
- ✗ A. 80
- ✗ B. 105
- ✓ C. 89
- ✗ D. 95

"